# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**दिनांक 07.09.2014**

दिनांक 08.09.2014 को जोधपुर शहर में अन्नत चतुर्दशी पर्व मनाया जायेगा। इस अवसर पर परम्परागत रूप से भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन गुलाब सागर में किया जायेगा। शहर के सभी क्षेत्रों से श्री गणेश जी की प्रतिमाएं जालोरी गेट पर एकत्रित होकर करीब वक्त 1.30 बजे शोभायात्रा के रूप में रवाना होकर लाडजी का कुआं, सर्राफा बाजार, कटला बाजार, कन्दोई बाजार, घण्टाघर चौराहा, पन्ना निवास होते हुए सांय 5.00 पी.एम. पर गुलाबसागर पहुॅंचकर विसर्जित की जायेगी।

इस दौरान पॉंचवी रोड़ से जालोरी गेट की तरफ आने वाला यातायात जालोरी गेट की तरफ न आकर पॉंचवी रोड से सरदारपुरा की तरफ डाईवर्ट किया जायेगा। जो सत्संग भवन, मेहता भवन, तारघर मोड़, ओलम्पिक तिराहा, रेल्वे स्टेशन, से पुरी तिराहा की तरफ संचालित होगा। इसी प्रकार नई सड़क से जालोरी गेट की तरफ जाने वाला यातायात पुरी तिराहा, रेल्वे स्टेशन, ओलम्पिक तिराहा, तारघर मोड़, मेहता भवन, गोल बिल्डिंग से शनिश्चरजी थान की तरफ संचालित होगा। इस दौरान वाहनों का प्रवेश जालोरी गेट, एमजीएच से जालोरी गेट, ओलम्पिक तिराहा से जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग से जालोरी गेट क्षेत्र में प्रवेश पूर्णतया निषेद्ध रहेगा। मूर्ति विसर्जन के दौरान नागौरी गेट व मेड़ती गेट से हाथीराम का ओडा होते हुए घंटाघर की तरफ आने वाले यातायात को हाथीराम का ओडा से स्टेडियम, गोरधाय छतरी की तरफ डाईवर्ट किया जायेगा।

ओर से
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात जोधपुर